This question paper contains 4 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5204**

Unique Paper Code : **205339** **G**

Name of the Paper : **Hindi-A**

Name of the Course : **B.A. (Prog.)**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 9+9=18

(क) तुम्हारा यह अभिनन्दन दिव्य और उस यश का विमल प्रचार ।

सकल वसुधा को दे संदेश, धन्य होता है बारम्बार ।

आज कितनी शताब्दियों बाद, उठी ध्वंसों में वह झंकार ।

प्रतिध्वनि जिसकी सुने दिगन्त, विश्व वाणी का बने विहार ।

(1) प्रस्तुत उद्धरण के लेखक और पाठ का नाम लिखिए ।

(2) विश्ववाणी से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(3) यहाँ कवि किसके अभिनन्दन की बात कर रहा है ?

(ख) "अब समय आ गया है । तुम घर-बार और रोटी की चिंता छोड़कर देश-सेवा के कार्य में लग जाओ । तुम्हें देश का नव-निर्माण करना है । शोषितों की आवाज बुलन्द

करके देश में वर्गहीन समाज की स्थापना करनी है । तुम सब कुछ बड़ी सफलतापूर्वक कर सकोगे, क्योंकि मैंने तुममें सब आवश्यक गुण भर दिए हैं ।''

(1) प्रस्तुत उद्धरण के लेखक और पाठ का नाम लिखिए ।

(2) देश के नवनिर्माण का क्या अर्थ है ?

(3) इस उद्धरण के माध्यम से लेखक का मंतव्य स्पष्ट कीजिए ।

(ग) पैसे की व्यंग्य-शक्ति सुनिए । वह दारुण है । मैं पैदल चल रहा हूँ कि पास ही धूल उड़ाती निकल गई मोटर । वह क्या निकली मेरे कलेजे को कौंधती एक कठिन व्यंग्य की लीक ही आर-से-पार हो गई । जैसे किसी ने आँखों में उँगली देकर दिखा दिया हो कि देखो, उसका नाम है मोटर और तुम उससे वंचित हो !

(1) प्रस्तुत उद्धरण के लेखक और पाठ का नाम लिखिए ।

(2) लेखक की नजर में 'पैसे की व्यंग्य-शक्ति' क्या है ?

(3) प्रस्तुत उद्धरण के माध्यम से बाजार दर्शन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

2. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6+6=12

(1) 'मुझे कदम कदम पर' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए ।

(मुझे कदम कदम पर)

(2) 'पर्दा उठाओ ! पर्दा गिराओ' शीर्षक की व्यंजना को स्पष्ट कीजिए ।

(पर्दा उठाओ ! पर्दा गिराओ)

(3) 'भाषा बहता नीर' की उपमा के सन्दर्भ में लेखक का अपना दृष्टिकोण क्या है ?

(सामान्य शब्द और पारिभाषिक शब्द)

(4) महात्मा गांधी ने 'चरखे' को स्वराज का प्रतीक क्यों बनाया ?

(चरखवा चालू रहे)

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5+5+5=15

(1) भाषा की परिभाषा देते हुए उसके अभिलक्षण लिखिए ।

(2) भाषा के अंगों पर विचार कीजिए ।

(3) भाषा में परिवर्तन के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए ।

(4) भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) भाषा और समाज के अन्त:सम्बन्ध को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

भाषा के अनौपचारिक प्रयोग पर विचार कीजिए । 8

(2) भाषा के औपचारिक प्रयोग पर विचार कीजिए ।

अथवा

समाज में भाषाई विविधता और उसके महत्व पर विचार कीजिए । 7

5. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5+5+5=15

(1) **पाँच** तत्सम तथा **पाँच** तद्भव शब्द लिखिए ।

(2) वाचक शब्द और वाच्यार्थ से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

(3) निम्नलिखित के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

अमीर, दोस्त, स्वाधीन, सार्थक, गलत ।

(4) निम्नलिखित के **दो-दो** समानार्थी शब्द लिखिए :

जल, कमल, आग, हवा, गगन ।